JAGRAN

Josh

your guide to success

WWW.JAGRANJOSH.COM

# एस.एस.सी. (सी.पी.ओ.) सब-इंस्पेक्टर परीक्षा 2011: सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी

# सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी

1. भारतीय कृषि क्षेत्र में अधिक उपज वाली किस्मों का कार्यक्रम कब शुरू किया गया था ?
   (A) 1968 (B) 1967
   (C) 1966 (D) 1965
2. 'भूरी क्रांति' किसे कहते हैं ?
   (A) चारा उद्योग का विकास
   (B) समुद्री उत्पादों का विकास
   (C) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का विकास
   (D) भारत में खाद्य प्रसंस्करण एवं शीतल पेयों के उद्योगों का विकास
3. किसी निश्चित समयावधि में किसी देश में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को क्या कहते हैं ?
   (A) प्रयोज्य आय
   (B) राष्ट्रीय आय
   (C) प्रति व्यक्ति आय
   (D) निवल राष्ट्रीय आय
4. भारतीय कृषि का किसी महत्वपूर्ण स्तर तक यंत्रीकरण किस कारण से संभव नहीं है ?
   (A) छोटे जोत-क्षेत्र
   (B) ट्रैक्टरों की कमी
   (C) किसानों की गरीबी
   (D) लोगों की उदासीनता
5. किसी अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित में से कौनसा ऐसा कार्य है, जो केन्द्रीय बैंक के कार्यों में शामिल *नहीं* है ?
   (A) विदेशी मुद्रा-विनिमय का कार्य
   (B) मौद्रिक नीति पर नियंत्रण
   (C) सरकारी खर्च पर नियंत्रण
   (D) बैंकर के बैंक के रूप में कार्य
6. भारत में त्रि-स्तरीय पंचायत राज प्रणाली का प्रस्ताव किसने किया था ?
   (A) बलवंत राय मेहता समिति
   (B) अशोक मेहता समिति
   (C) रॉयल कमीशन
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
7. संवैधानिक प्रणाली के असफल हो जाने पर, किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन संविधान की किस धारा के अंतर्गत लागू किया जाता है ?
   (A) 352 (B) 356
   (C) 360 (D) 350
8. आर्थिक असमानताओं को दूर करने के लिए महात्मा गाँधी ने किस सिद्धांत/उपाय का उपयोग किया था ?
   (A) मशीनों का उन्मूलन
   (B) ग्रामीण उद्योगों की स्थापना
   (C) अहिंसा को अंगीकार करना
   (D) न्यासिता का सिद्धांत
9. "ओह! असम्मानीय लोकतंत्र! मुझे तुमसे प्यार है!" यह उक्ति किसकी है ?
   (A) जी. बी. शॉ (B) कारपेंटर
   (C) लॉर्ड ब्राइस (D) अप्पा दोराई
10. संयुक्त राष्ट्र-संघ के सदस्य-देशों ने विश्व शांति तथा उसकी सुरक्षा की प्राथमिक जिम्मेदारी किसे सौंपी है ?
   (A) सामान्य सभा
   (B) आर्थिक तथा सामाजिक परिषद्
   (C) सुरक्षा परिषद्
   (D) अंतर्राष्ट्रीय न्यायपीठ
11. निम्नलिखित में से कौनसा एक भारत में उत्पन्न सबसे बाद वाला बौद्ध धर्म का ग्रंथ है ?
   (A) दिव्य वंदना
   (B) दोहाकोसा
   (C) वज्रचेदिका
   (D) वामसाथपाकसिनी
12. *अर्थशास्त्र* की रचना किसने की थी ?
   (A) धनानंद (B) कौटिल्य
   (C) बिंबिसार (D) पुष्यमित्र
13. *रामायण* का अनुवाद फ़ारसी में किसने किया था ?
   (A) अबुल फ़ज़्ल
   (B) बदायूनी
   (C) अब्दुल लतीफ
   (D) ईसर दास
14. निम्नलिखित में से कौनसा भारत आने वाला पहला अंग्रेज जहाज है ?
   (A) एलिज़ाबेथ (B) बंगाल
   (C) रेड ड्रेगन (D) मेफ्लावर
15. ऑल इंडिया मुस्लिम लीग की स्थापना किसने की थी ?
   (A) मौलाना अहमद अली
   (B) मुहम्मद अली जिन्ना
   (C) आगा खान
   (D) हकीम अजमल खान
16. स्वर्णिम क्रांति किससे सम्बन्धित है ?
   (A) रेशम कीटपालन
   (B) उद्यान कृषि
   (C) मधुमक्खीपालन
   (D) अंगूरोत्पादन
17. निम्नलिखित में कौनसा, भारत के पूर्वी तट का एक मुख्य बंदरगाह (पत्तन) है ?
   (A) कांडला
   (B) विशाखापट्टनम
   (C) करीकल
   (D) पांडिचेरी (पुडुचेरी)
18. पृथ्वी की परिधि लगभग कितनी है ?
   (A) 13,000 किमी
   (B) 20,000 किमी
   (C) 25,000 किमी
   (D) 30,000 किमी
19. भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी प्रणाली को कब अपनाया था ?
   (A) 2004 (B) 2005
   (C) 2006 (D) 2007
20. 'कॉड' (Cod) निम्नलिखित में से किसकी किस्म है ?
   (A) बकरी
   (B) मछली
   (C) फसल
   (D) प्रवाल (कोरल)
21. काफी संख्या में कम समय में ही एक जैसे पौधे किस प्रणाली से उत्पन्न किए जा सकते हैं ?
   (A) एक ही पौधे के बहुत सारे बीजों से
   (B) तने काटकर
   (C) ऊतक संवर्धन तकनीक से
   (D) जल संवर्धन विधि से
22. सबसे छोटा फूलों वाला पौधा कौनसा है ?
   (A) वोल्फिया (B) लेम्ना
   (C) आज़ोला (D) फाइकस
23. ल्यूकीमिया या रक्त कैंसर का लक्षण निम्नलिखित में से किसमें असामान्य वृद्धि है ?
   (A) लाल रक्त कोशिकाएँ
   (B) श्वेत रक्त कोशिकाएँ
   (C) रक्त-पट्टिकाणु
   (D) रक्त-प्लाज़्मा

24. हमारे शरीर में हड्डियों की कुल संख्या कितनी है ?
(A) 226 (B) 206
(C) 256 (D) 236

25. शहद की मक्खी का विष कैसा होता है ?
(A) अम्लीय (B) क्षारीय
(C) नमकीन (D) प्रोटीन

26. जल में तैरने वाले पक्षियों में क्या विशेषता होती है ?
(A) जालयुक्त पैर
(B) चौड़े पंख
(C) लंबी चोंच
(D) पंजों वाली उँगलियाँ

27. हीलियम से भरा गुब्बारा वायु में उड़ने लगता है, क्योंकि—
(A) वायु से गुब्बारे को ऊपर उठने का बल मिलता है
(B) गुब्बारा भारहीन हो जाता है
(C) हीलियम का घनत्व वायु से कम होता है
(D) हीलियम गुब्बारे के नीचे से वायु को हटा देता है

28. कोई व्यक्ति सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी यंत्रों में अंतर क्या देखकर जान सकता है ?
(A) लंबाई
(B) रंग
(C) लेंस का आकार
(D) लेंस की लंबाई और आकार

29. चमगादड़ की ध्वनि कैसी होती है ?
(A) श्रव्य (B) अवध्वानिक
(C) अवश्रव्य (D) पराश्रव्य

30. यदि कोई दंड चुंबक दो बराबर हिस्सों में काट दिया जाए, तो प्रत्येक टुकड़े की ध्रुवीय शक्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?
(A) दोगुनी हो जाएगी
(B) आधी हो जाएगी
(C) शून्य हो जाएगी
(D) यथावत रहेगी

31. खाना पकाने का तेल, वनस्पति घी में किस प्रक्रिया द्वारा बदला जाता है ?
(A) क्रिस्टलन द्वारा
(B) संघनन द्वारा
(C) हाइड्रोजनीकरण द्वारा
(D) ऑक्सीकरण द्वारा

32. लोहे में जंग लगने के लिए किसकी आवश्यकता है ?
(A) ऑक्सीजन तथा कार्बन डाइ-ऑक्साइड
(B) ऑक्सीजन तथा जल
(C) मात्र कार्बन डाइऑक्साइड
(D) मात्र ऑक्सीजन

33. शीशा है एक—
(A) शुद्ध ठोस पदार्थ
(B) अतिशीतित द्रव पदार्थ
(C) जेल
(D) बहुलक (पॉलीमर)

34. यूरेनियम अंततः किस तत्व के स्थायी आइसोटोप (समस्थानिक) में बदल जाता है ?
(A) रेडियम (B) थोरियम
(C) सीसा (D) पोलोनियम

35. आधुनिक चर्मशोधन उद्योगों में ऐसी कौनसी भारी धातु पाई जाती है, जो विषैली होती है ?
(A) निकैल (B) जस्ता
(C) क्रोमियम (D) सीसा

36. निम्नलिखित में से किसमें सीसे की मात्रा अधिक पाई जाती है ?
(A) कोयला
(B) खाना पकाने की गैस
(C) उच्च ऑक्टेन वाला ईंधन
(D) निम्न ऑक्टेन वाला ईंधन

37. स्थिर-वैद्युत अवक्षेपित्र (Precipitator) किसके नियंत्रण में काम आता है ?
(A) वायु प्रदूषण
(B) जल प्रदूषण
(C) ठोस अपशिष्ट
(D) ध्वनि प्रदूषण

38. राष्ट्रीय पर्यावरणीय इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है ?
(A) पुणे (B) दिल्ली
(C) नागपुर (D) चेन्नई

39. उस नई तकनीक को क्या कहते हैं, जो एक कृत्रिम दुनिया के सृजन की क्षमता प्रदान करती है और उसमें लोग परस्पर अंतःक्रिया भी करने लगते हैं ?
(A) दूरस्थ वास्तविकता (Televirtuality)
(B) आभासी वास्तविकता (Vitrual reality)
(C) वैकल्पिक वास्तविकता (Alternate reality)
(D) 3-डी वास्तविकता (3-D reality)

40. एक समानांतर संद्वार (Port) अधिकतर किसमें इस्तेमाल होता है ?
(A) मुद्रक
(B) मॉनीटर
(C) माउस
(D) वाह्य भंडारण युक्ति

41. कुचीपुड़ी नृत्य-नाटक किस राज्य से सम्बन्धित है ?
(A) असम (B) आंध्र प्रदेश
(C) उड़ीसा (D) मणिपुर

42. X-किरणों की खोज किसने की थी ?
(A) फैराडे (B) रोइंटजेन
(C) एच. डेवी (D) लैवोज़ियर

43. निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्ति ऐसा है, जिसे दादा साहेब फाल्के पुरस्कार ***नहीं*** मिला है ?
(A) वी. शांताराम
(B) राज कपूर
(C) मुकेश भट्ट
(D) लता मंगेशकर

44. पिछले दिनों 'ग्रेट सोल : महात्मा गाँधी एंड हिज़ स्ट्रगल विथ इंडिया' नामक पुस्तक चर्चा में थी और उस पर गुजरात सहित कुछ भारतीय राज्यों ने प्रतिबंध भी लगा दिया था. उस पुस्तक का लेखक कौन है ?
(A) जोसेफ लेलीवेल्ड
(B) मिशायल ऑनडाट्जे
(C) जैक वेल्च
(D) डंकन ग्रीन

45. अमरीकी नौसेना द्वारा सफलतापूर्वक निभाई गई फौजी कार्यवाही, जिसमें दुनिया का सर्वाधिक अपेक्षित आतंकवादी, ओसामा बिन लादेन मारा गया था, किस कूटनाम से की गई थी ?
(A) जैसमीन (Jasmine)
(B) रोज़ (Rose)
(C) जैरोनीमो (Geronimo)
(D) कोबरा (Cobra)

46. कुछ समय पहले, नई दिल्ली के जनगणना कार्यालय द्वारा जारी की गई 'प्रतिदर्श पंजीकरण सर्वेक्षण रिपोर्ट' के अनुसार, भारत में प्रति 1000 जीवित जन्मों के आधार पर 'नवजात शिशु मृत्यु दर' के 1990–2009 की अवधि के आँकड़ों में पर्याप्त सुधार हुआ है. तदनुसार इस समयावधि में कितने प्रतिशत की कमी आई है ?
(A) 33% (B) 29%
(C) 35% (D) 42%

47. प्रेमलता अग्रवाल 45 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट तक चढ़कर, वहाँ तक चढ़ने वाली सर्वाधिक आयु की भारतीय

महिला आरोही बन गई है. वे किस राज्य की हैं ?

(A) झारखण्ड

(B) उत्तर प्रदेश

(C) राजस्थान

(D) बिहार

48. सरकार ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की अध्यक्षता में कुछ समय पहले जो समिति गठित की थी, वह किससे सम्बन्धित है ?

(A) कर कानूनों का संहिताकरण

(B) बैंक कर लगाने के मुद्दे के साथ अन्य सभी कर कानूनों की संरचना

(C) भारत में विदेशी निवेशकों के कर-प्रणाली सम्बन्धित सरोकारों

(D) काले धन के निर्माण, उसका विदेशों में हस्तांतरण तथा उस धन को भारत की कानूनी वित्तीय प्रणाली के अंतर्गत वापसी के मुद्दों

49. आई.पी.एल.–4 की शृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने के उपलक्ष्य में 'बैंगनी टोपी' किसे मिली थी ?

(A) हरभजन सिंह

(B) लसिथ मलिंगा

(C) डेनियल विटोरी

(D) ऐल्बी मोरकेल

50. कुछ समय पहले केन्द्रीय वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने एक नई बैंकनोट पेपर मिल की आधारशिला कहाँ रखी थी ?

(A) सूरत (B) औरंगाबाद

(C) मैसूर (D) गुंटूर